हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 26 जुलाई 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

संभागायुक्त ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों को आगे बढ़ने किया प्रोत्साहित

4



## खबर संक्षेप

### कारगिल विजय दिवस पर अमर वीरों को दी जाएगी श्रद्धांजलि आज

**जांजगीर-चांपा।** कारगिल विजय दिवस की 28वीं वर्षगांठ के अवसर पर नगर के पूर्व सैनिकों के तत्वावधान में रविवार, 26 जुलाई को प्रातः 10 बजे अमर जवान चौक (थाना के सामने), चांपा में श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में अदम्य साहस, शौर्य एवं पराक्रम का परिचय देते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। साथ ही देश की सेवा कर चुके पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारजनों का सम्मान कर उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाएगी।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का प्रसारण आज

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात जांजगीर चांपा के जिला संयोजक जिला पंचायत जांजगीर चांपा में सांसद प्रतिनिधि विवेका गोपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने की अपील आम जनता से की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का प्रसारण 26 जुलाई रविवार को प्रातः 11 बजे रेडियो टीवी दूरदर्शन एवं अन्य चैनलों के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विभिन्न हिस्सों में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों का विशेष तौर पर उल्लेख करते हैं जो बात की जानकारी हमको सामान्य रूप से नहीं होती वह भी मन की बात सुनने के पश्चात हमको जानकारी प्राप्त होती है। गांव के गुड्डी में चौपाल में सार्वजनिक स्थल पर सामुदायिक भवन पर किसी कार्यकर्ता के निवास स्थान पर एकत्रित होकर के अधिक से अधिक संख्या में सुने मन की बात सुनने के पश्चात उसी बूथ केंद्र पर संगठनात्मक बैठक भी करें। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने देश के 100 पोलिंग बुथों पर मन की बात सुनने की अपील की है।

### खोखराभांठा में शिव महापुराण कथा का आयोजन 3 अगस्त से

**जांजगीर-चांपा।** श्रावण मास पर स्वास्थ्य पेंशनर एवं प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ तथा समस्त पेंशनर्स, वरिष्ठ नागरिकों, कर्मचारी-अधिकारियों एवं शिव भक्तों के संयुक्त तत्वावधान में सार्वजनिक श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन 3 से 10 अगस्त तक किया जाएगा। आयोजन बद्री गार्डन, मंगल भवन, दीनदयाल कॉलोनी, खोखरा भांठा, जांजगीर में होगा। आयोजकों ने बताया कि आठ दिवसीय इस आध्यात्मिक आयोजन में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शिव इच्छा तक शिव महापुराण कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा का वाचन एवं व्याख्यान कथाव्यास आचार्य पं. अनुराग कृष्ण दुबे (गोसेवा धाम, रतनपुर, जिला बिलासपुर) द्वारा किया जाएगा।

### लगातार हो रही कार्रवाई फिर भी नहीं थम रही निजी दुकानदारों की मनमानी

# खाद की ब्लैक मार्केटिंग : यूरिया साढ़े सात सौ तो डीएपी ढाई हजार पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में रसायनिक खाद की ब्लैक मार्केटिंग चरम पर है। खास बात यह है कि अफसरों की टीम लगातार दबिश देकर कार्रवाई कर रही है। बावजूद इसके निजी दुकानदार मनमानी करते हुए अनाप शनाप कीमतों पर खाद बेच रहे है। स्थिति यह है कि खुले बाजार में यूरिया की बिक्री जहां साढ़े सात सौ रुपए बोरी के हिसाब से हो रही है, तो वहीं डीएसपी की कीमत ढाई हजार से पार बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि खरीफ फसल की बोआई का कार्य इन दिनों जोर शोर से चल रहा है। किसान खेतों की जुताई के साथ रोपा व लेई पद्धति से धान की बोनी कर रहे है। इसके साथ ही किसानों को अब खाद की आवश्यकता भी सर्वाधिक हो रही है। इसको लेकर खाद की ब्लैक मार्केटिंग चरम पर है। सोसायटियों में सीमित स्टाक होने के कारण अधिकांश किसानों को खुले बाजार से खाद लेना पड़ रहा है। इसके साथ ही जिले में बड़ी संख्या में किसान अधिया, रेगहा लेकर खेती करते है, जिन्हें बाजार से ही खाद लेना पड़ता है। ऐसे में खाद की कालाबाजारी जमकर हो रही है। शासन प्रशासन के तमाम दिशा निर्देशों के बावजूद निजी दुकान संचालक मनमाने कीमत पर खाद की बिक्री कर रहे है। बताया जाता है कि सामान्य किसान यदि निजी दुकानों में खाद लेने पहुंचता है तो दो- चार दिन तो उसे स्टाक की कमी का हवाला देकर लौटा दिया जाता है। इसके बाद किसान की मजबूरी का फायदा उठाते हुए उसे 267 रुपए का यूरिया साढ़े सात सौ रुपए प्रति बोरी की दर से दे दिया जाता है। इसी तरह डीएपी की बिक्री 1350 की जगह ढाई हजार से अधिक की दर पर हो रही है। डीएपी में तो एनपीके और अन्य कंपनियों का खाद बताकर और भी अधिक राशि वसूल करने का काम हो रहा है। उल्लेखनीय है कि निजी दुकानों में खाद की कालाबाजारी रोकने जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त टीम गठित की गई है। इसके साथ ही कृषि विभाग का अमला भी अपने स्तर पर लगातार कार्रवाई कर रहा है।



गोदाम में रखा यूरिया।

### यूरिया के साथ दवाई लेने की बाध्यता

जिले में खाद की कालाबाजारी एक ओर जहां चरम पर है, वहीं दूसरी ओर किसानों से अतिरिक्त राशि लेने के नए पैतरे भी अपनाए जा रहे है। जिले के अधिकांश खाद विक्रेता यूरिया के साथ एक दवाई का डिब्बा किसानों को थमा देते है। खास बात यह है कि 267 की दर पर मिलने वाले यूरिया की बिक्री जहां मनमाने दर पर होती है तो वहीं किसानों को इसके साथ 5 से 8 सौ लीटर की दर का एक दवाई की बॉटल भी थमा दी जाती है। इसके पीछे तर्क यह दिया जाता है कि धान की फसलों के लिए यह टॉनिक का काम करता है। इसके छिड़काव से पौधों में कंसा ज्यादा आता है। जिससे ऊपज अधिक होती है।

### डीडीए ने खुद बैठकर सरकारी दर पर किसानों को दिलवाई खाद

जिले में खाद की ब्लैक मार्केटिंग पर रोक लगाने कृषि विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार 25 जुलाई को कृषि विभाग के उप संचालक राकेश शर्मा अपनी टीम के साथ किरीत, खैरताल और पोड़ी पहुंचे। वहां उन्होंने निजी खाद दुकान में स्टाक की जानकारी ली। इस दौरान किरीत में एक दुकान में खुद बैठकर किसानों में 90 बोरी यूरिया का वितरण कराया। इसके अलावा दो अन्य दुकानों का भी उन्होंने निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान संचालकों को खाद की शासकीय दर पर बिक्री करने की हिदायत दी। साथ ही किसी भी प्रकार की खामी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

#### लगातार कर रहे कार्रवाई

खाद की कालाबाजारी रोकने कृषि विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। मैं स्वयं नवागढ़ और बलौदा क्षेत्र के दुकानों में निरीक्षण करने गया था। एक जगह खुद किसानों को खाद का वितरण भी कराया। लगातार कार्रवाई कर रहे है।

-राकेश शर्मा
उप संचालक, कृषि विभाग

# म्यूल अकाउंट गिरोह का फरार सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

म्यूल अकाउंट के माध्यम से ठगी करने वाले गिरोह के फरार सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के म्यूल अकाउंट खाते से डेढ़ लाख का लेन देन किया गया था। गिरोह के 5 सदस्य पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

सायबर ठगी के गिरोह का नेटवर्क जिले में फैलता जा रहा है। कमीशन के माध्यम से पैसा कमाने लोग म्यूल एकाउंट देकर साइबर ठगों के गिरोह से जुड़ रहे हैं। पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देश पर जिले की पुलिस ने ऐसे मामलो में कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में साइबर थाना जांजगीर -चांपा ने म्यूल खातों के जरिए देशभर में साइबर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार पूर्व में न्यायिक रिमांड पर भेजा था । मामले में शामिल एक आरोपी फरार था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस ने शंकर नगर चाम्पा निवासी निखिल पांडेय को गिरफ्तार किया है। आरोपी के म्यूल अकाउंट खाते के माध्यम से 1 लाख 55 हजार रुपए का लेन देन होना पाया। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने कमीशन के लालच में अपने नाम से बैंक खाते खुलवाकर साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराए, जिनका उपयोग विभिन्न राज्यों में ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के लिए किया गया।समन्वय पोर्टल से प्राप्त इनपुट के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों एवं बैंकिंग ट्रांजेक्शन की गहन जांच की। विवेचना में पता चला कि कर्नाटक एवं महाराष्ट्र के तीन अलग-अलग साइबर फ्रॉड मामलों में कुल लगभग 1 लाख 62 हजार 149 रुपये की ठगी की गई थी और यह राशि आरोपियों द्वारा उपलब्ध कराए गए म्यूल खातों में ट्रांसफर हुई थी। आरोपी निखिल पांडेय को पकडकर पूछताछ करने पर उसने जो जुर्म स्वीकार किया।आरोपी की गिरफ्तारी कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



# सोसायटी अध्यक्ष पर जानलेवा हमला, बनाया बंधक

**जांजगीर-चांपा।** खिसोरा के पूर्व सरपंच एवं सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष पर गांव के ही दो सगे भाईयों ने हमला कर दिया। इतना ही नहीं हमले के साथ उसे बांधकर रखा गया था। जिसे डायल 112 की टीम ने छुड़वाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

घटना के संबंध में नवागढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत खिसोरा में दो बार सरपंच रह चुके एवं वर्तमान में सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे भाजपा नेता संतोष कश्यप 24 जुलाई को सुबह करीब 9:30 बजे अपने दामाद लक्ष्मी प्रसाद के साथ बाइक पर बैठकर शिवरीनारायण जाने निकला था। घर से निकलकर वे गांव की गली में कुछ दूरी पर पहुंचे थे। इस दौरान वहीं के आरोपी संतुराम कश्यप और छोटेलाल कश्यप ने उस पर हमला कर दिया। आरोपियों के डंडे से उसके सिर पर वार किए और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इस बीच उन्होंने संतोष को घसीटकर घर ले गए और साड़ी से उसके हाथ पैर बांधकर मारपीट की। इधर इसकी सूचना पुलिस को मिलने पर डॉयल 112 की टीम पहुंची और उसे छुड़वाया। बहरहाल पुलिस ने आरोपी संतुराम कश्यप पिता राधेश्याम व छोटेलाल कश्यप पिता राधेश्याम के खिलाफ धारा 109, 127 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

# शराब के लिए रुपए नहीं देने पर युवक से मारपीट, फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शराब पीने के लिए रुपये नहीं देने पर एक युवक से मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में अकलतरा पुलिस ने फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व से कई आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के कारण उसे गुंडा बदमाश सूची में शामिल करने के लिए धारा 129 बीएनएसएस के तहत प्रतिवेदन भी तैयार किया जा रहा है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के अनुसार, प्रार्थी जितेश कुमार नेताम ने थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 मई 2026 की रात लगभग 9:30 बजे वह ग्राम में संजय साहू की दुकान के सामने अपनी मोटरसाइकिल के पास खड़ा था। इसी दौरान आरोपी सागर ओग्रे वहां पहुंचा और शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगा। रुपये देने से इनकार करने पर आरोपी ने मोटरसाइकिल की चाबी निकाल ली और अश्लील गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।शिकायत के आधार पर थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 279/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 119(1) एवं 351(3) के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसकी पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। 25 जुलाई को मुखबिर से मिली सूचना पर थाना अकलतरा पुलिस ने ग्राम रसेडा में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा एवं थाना अकलतरा के पुलिस स्टाफ की भूमिका रही।



# चाकू लहराकर लोगों को धमकाने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शहर के कलेक्ट्रेट मोड़ स्थित वसुंधरा गार्डन के पास चाकू लहराकर राहगीरों को डराने और मारने की धमकी देने वाले युवक को सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं 25 एवं 27 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक कलेक्ट्रेट मोड़ के पास धारदार हथियार लेकर लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके के लिए रवाना हुई। पुलिस ने घेराबंदी कर मड़वा चौक के पास आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम दीपक यादव (20 वर्ष), निवासी ग्राम भदौरा, थाना मस्तूरी, जिला बिलासपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक धारदार चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक नितिन चंद्रवंशी, प्रधान आरक्षक प्रकाश राठौर, आरक्षक तोरन डहरिया तथा शंकर राजपूत का योगदान रहा।



# खेत के दलदल में फंसी गाय को गौ सेवकों ने रेस्क्यू कर बचाई जान

**राहौद।** खेत के दलदल में फंसे गायों को गौ सेवकों ने रेस्क्यू कर जान बचाई है। वहीं पिकअप से उन्हें गौधाम शिवरीनारायण पहुंचाया गया।

ज्ञात हो कि गौ रक्षक सेवा समिति, राहौद नगर को जानकारी मिली कि राहौद–बिलासपुर मुख्य मार्ग से लगभग 8–9 खेत अंदर एक गौ माता खेत में असहाय अवस्था में पड़ी हुई है। गौ माता कई दिनों से भूखी एवं अत्यंत कमजोर थी और स्वयं उठ भी नहीं पा रही थी। सूचना मिलते ही गौ रक्षक सेवा समिति, राहौद नगर के गौसेवक तत्काल मौके पर पहुँचे। खेत के बीच तक वाहन न पहुंच पाने के कारण लकड़ी की सहायता से अस्थायी स्ट्रेचर तैयार किया गया। इसके बाद गौ माता को पिकअप वाहन के माध्यम से गौ माता को उपचार हेतु गौधाम, शिवरीनारायण पहुंचाया गया, जहां अनमोल योगी द्वारा गौ माता का प्राथमिक उपचार किया गया। वर्तमान में गौ माता की देखभाल एवं आगे का उपचार गौधाम में जारी है। इस कार्य में गुड़ीपारा के गौसेवक मुकेश कश्यप, राहुल कश्यप, शुशांक शर्मा, सुनील देवांगन, महेश कश्यप, लक्ष्मण कश्यप, अमन चंदेल, समीर कश्यप, अजय, विनय, अंशु, पप्पू, बाबा, गौरव एवं कुलदीप योगदान रहा।

### सरपंच पति पर मारपीट का आरोप, महिला ने एसपी से की फरियाद

**जांजगीर-चांपा।** मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम भलवाही की एक महिला ने सरपंच पति और उसके बेटों द्वारा मारपीट और अभद्र व्यवहार करने की एसपी से शिकायत करते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है। एसपी को सौंपे आवेदन में महिला ने आरोप लगाया है कि 19 जुलाई की शाम उसके घर के सामने सरकारी जमीन पर सरपंच द्वारा बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा था। इस दौरान महिला ने अपने दरवाजे के सामने कुछ जगह रास्ते के लिए छोडने की बात कही। इसी बात पर सरपंच के पति और बेटों के साथ विवाद हो गया। महिला का आरोप है कि सरपंच के पति और उसके बेटों ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। महिला ने एसपी से मामले की शिकायत करते हुए सरपंच पति और उसके बेटों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।






### रेल यात्रियों को हो रही परेशानी, प्रबंधन का ध्यान नहीं

# सक्ती रेलवे स्टेशन में डिसप्ले खराब, नहीं मिलती कोच की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

रेलवे स्टेशन सक्ती में यात्रियों की सुविधा के लिए लगाया गया डिसप्ले बोर्ड परेशानी का सबब बन गया है। आए दिन डिसप्ले बोर्ड बंद होने के कारण ट्रेन आने पर यात्रियों के बीच आपाधापी मच जाती है। शनिवार 25 जुलाई को भी प्लेटफार्म नंबर 2 के डिसप्ले बोर्ड में खराबी आ गई। इससे एक्सप्रेस ट्रेन कोच की जानकारी यात्रियों को नहीं मिली है। ट्रेन आने पर आपाधापी में यात्री किसी तरह सवार हुए।

गौरतलब है कि जिले का एकमात्र प्रमुख रेलवे स्टेशन सक्ती, जहां से प्रतिदिन हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे यात्रा करते हैं, इन दिनों अव्यवस्थाओं का शिकार बना हुआ है। शनिवार को स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर यात्री उस समय भारी परेशानी में पड़ गए, जब वहाँ लगे डिजिटल कोच डिस्प्ले बोर्ड पर ट्रेनों के कोच नंबर की जगह केवल 'सक्ती' ही लिखा दिखाई दे रहा था। कोच नंबर न दिखने की वजह से यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को अपनी बोगी ढूंढने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ी। प्रत्यक्षदर्शी यात्रियों ने बताया कि सक्ती स्टेशन पर यह समस्या आए दिन की बात हो चुकी है। डिस्प्ले बोर्ड पर सही जानकारी न मिलने के कारण जब ट्रेन स्टेशन पर आकर खड़ी होती है, तो यात्रियों में अफरा-तफरी मच जाती है। महिलाओं और बच्चों को सामान उठाकर प्लेटफॉर्म के एक छोर से दूसरे छोर तक दौड़ लगानी पड़ती है। कई बार तो स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि सही कोच न मिलने के कारण लोगों की ट्रेन तक छूट जाती है। रेलवे प्रशासन तुरंत संज्ञान लेस्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सक्ती जिला मुख्यालय का एकमात्र स्टेशन होने के बावजूद यहाँ यात्री सुविधाओं के नाम पर लापरवाही बरती जा रही है। डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड को दुरुस्त न रखना सीधे तौर पर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा से खिलवाड़ है। स्थानीय नागरिकों व यात्रियों ने रेलवे प्रशासन के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि प्लेटफॉर्म नंबर 2 सहित पूरे स्टेशन के डिस्प्ले सिस्टम को तत्काल ठीक कराया जाए, ताकि भविष्य में बुजुर्गों, महिलाओं और अन्य यात्रियों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।


डिसप्ले बोर्ड में कोच नंबर की बजाए सक्ती हो रहा प्रदर्शित।


Paper Jab Tough Hoga
SELECTION KA NUMBER और जबरदस्त HOGA
OUR TOPPERS → NEET (UG) 2026
ANSHIKA AGRAWAL 563/720 GENERAL RANK 10177
ADITYA SINGH RAJPOOT 563/720 GENERAL RANK 10098
TAASHU TAANK 564/720 GENERAL RANK 9895
SHUVAM SUBASISH 590/720 GENERAL RANK 5452
BHAVYA MISHRA 606/720 GENERAL RANK 3474
RAGHAV SINGH CHANDEL 632/720 GENERAL RANK 1600
AKSHAT TIWARI 592/720 EWS RANK 1463
UTKARSH VAISHNAV 576/720 Cat. RANK 9589
15030 SHIVENDRA KUMAR 558/720
20194 SUJAL PATEL 545/720
1188 ANKIT TANDON 544/720
16519 ARSH SHARMA 538/720
24403 VISHWAJEET SHRIVAS 536/720
1514 ARMAN OGREY 535/720
1718 DIPALI LAHARE 530/720
27467 SAHIL KUMAR KASHYAP 530/720
28494 DHEERAJ KASHYAP 528/720
32236 LAKESHWAR SAO 521/720
32975 VIKASH RATHORE 519/720
23080 MANSI CHANDWANI 517/720
23912 SONAL KUMAR 515/720
24340 SEJAL THAWRANI 514/720
36271 MUSKAN CHOUKSEY 514/720
35806 PADMANABH SAHU 514/720
36517 VISHNU NISHAD 513/720
37748 KANHA SAHU 511/720
25313 PRINCE SINGH 511/720
39042 SHRADDHA SONI 509/720
1040 AARCHI RAHI 493/720
34108 KRISHNA PURWANI 489/720
52620 PRAGATI CHANDRAKAR 488/720
34192 SUBHIKCHA AGRAWAL 488/720
4769 RENUKA BARMA 488/720
14348 ADITYA SINGH 482/720
36772 ANUSHKA PRASHANT BARPANDE 482/720
62076 HARSH 475/720
63420 SWATI PATEL
6626 ADARSH CHOUDHARY
63493 AARTI SAHU
7071 AYUSH SINGH JANHVI
2147 AMAN AGARIYA
5083 MAKHAN SINGH KHADIYA
7041 VAISHNAVI
7124 ARYAN MARKAM
9613 NISCHAL MERSA
9700 TULSI RATHIA
9852 SULENDRA PAIKRA
12092 GIRIJA RATHIA
13288 PRERNA EKKA
13715 KAMESHWAR MARAVI
14110 KOMAL PAIKRA
14141 HARSHITA MAHLA
16003 VAIBHAV RAO
16183 MANASI
16219 POONAM DHURWE
16476 PANKAJ KUMAR SARWAY
18916 SMRITI KACHCHHAP
19791 ANURAG DINKAR
20348 PRAVEEN GHRITLAHARE
21995 KHWAYESH GHRITLAHARE
23623 PAYAL TOPPO
24164 AVINASH BHAGAT
24284 HIMANSHU DINKER
24423 POISHA BANJARE
26542 ANUSHKA DHANSON
33809 ANNPOORNA GHRITLAHARE
42420 HARSH DAHARIYA
52992 DAMINI BANJARE
55343 RIMI
59145 ANKIT NIRALA
62294 CHITRESH BANJARE
67035 LUCKY MEHRA
72479 PANKAJ KUMAR JANGDE
75495 VIDHI MANHAR
80674 POOJA
& MANY MORE....
120+ ACHARIANS ARE GOING TO BECOME DOCTORS!
*Calculated as per previous cut-off in all categories & Streams*
DROPPER'S NEW BATCH 2026-27
29th JULY
ADMISSION OPEN
Special ACHIEVERS BATCH
MINIMUM FEES FOR 400+ SCORING STUDENT
For More Details Contact: 7225007662
Batch Starting 6th AUGUST 2026
SANDEEP DWIVEDI SIR
DIRECTOR & HOD PHYSICS
ACHARYA INSTITUTE
A Promise beyond excellence
Best faculties from all over India in Bilaspur With Sandeep Sir
IIT-JEE/NEET/CUET/FOUNDATION
BRANCH 1 Near Rajendra Nagar Chowk, Link Road, Above AXIS Bank Bilaspur
BRANCH 2 In Front of CMD Ground, Link Road CMD Chowk Bilaspur
BRANCH 3 In Front of Vijyapuram Colony, Main Road, Sarkanda, Bilaspur
BRANCH 4 Old Bus Stand, Near City Kotwali, Mungeli (C.G.)
7470462225
6262673703
9109492226
7470461083
हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैच एवं कक्षाएं
FACILITIES
AC CLASSROOM
LIBRARY
HOSTEL
TRANSPORT
FOLLOW US ON INSTAGRAM
ADMISSION START
FOR ADMISSION

## खबर संक्षेप



### धुमधाम से भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की हुई घर वापसी

**हरदीबाजार।** मां शीतला माता रथ यात्रा समिति के तत्वावधान में 16 जुलाई को हनुमान मंदिर से भगवान प्रभु श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई थी। बारिश के बीच भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और महिला पुरुष, बच्चे, युवा सभी ने रथ को रस्सी से खींच लगई। इस दौरान चिपांजी, मिक्की माउस ने यात्रा में उत्साह और आनंदमय बना दिया। शुक्रवार को शाम 4 बजे डीजे के धुन में नाचते झुमते हुए पुराना दीपका रोड अपने मौसी शशी बाबूराम राठौर के निवास से पूरे विधि-विधान से विदाई की गई और भगवान जगन्नाथ प्रभु, सुभद्रा व वलभद्र अपने घर वापसी किए। इस दौरान लाला राठौर, दिलीप राठौर, तारेश राठौर, मयंक राठौर, आशीष यादव, लाला यादव, छोटी राठौर, मनीष तिवारी, सोनू नामदेव, नरेंद्र राठौर, लक्की राठौर सभी ने अपना सहयोग दिया।

### बिजली मीटर और पंप सप्लाई बोर्ड को पेड़ में लगाया, बढ़ा खतरा



**चैतमा।** तिवरता रोड में स्थित एक मकान जिसकी दूरी बिजली खंभा से लगभग एक किलोमीटर है। बिजली विभाग ने पेड़ एवं बॉस के सहारे लाइन खींच दी है। वहीं उसी रोड में तालाब के ऊपर स्थित पेड़ में मीटर एवं स्टार्टर लगाया गया है जिससे नल कुप कनेक्शन दिया गया है इससे मोहल्ले वासियों को पानी सप्लाई होता है यदि बास सहारे एक किलोमीटर लंबी खींची गई तार और पेड़ में लगाया गया बिजली बॉक्स से करंट आ गया तो इसकी जिम्मेदार कौन लेगा। इस संबंध में कई बार शिकायत की गई है बावजूद इसके इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत 14 जुलाई की काउंसलिंग निरस्त

**कोरबा।** आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर द्वारा मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (यथा संशोधित-2021) अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु जिले में 14 जुलाई को संपन्न काउंसलिंग की कार्यवाही को निरस्त कर दिया गया है। सहायक आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने बताया है कि काउंसलिंग की नई तिथि एवं आवश्यक दिशा-निर्देश पृथक से जारी किए जाएंगे। अभ्यर्थियों एवं उनके पालकों से अनुरोध किया गया है कि वे विभाग द्वारा जारी आगामी सूचना का इंतजार करें तथा नवीन तिथि के अनुसार काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल हों।

### युवक की फंदे में मिली थी लाश, परिजनों का आरोप

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र के कनबेरी निवासी शंकर सिंह उम्र 25 वर्ष का शव 19 जून को उसके घर से लगभग सौ मीटर दूर पेड़ पर फांसी के फंदे में लटकी हुई मिली थी। मामले में मृतक के परिजनों ने इस मामले को आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या कहते हुए मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की थी। मामले को लेकर उरगा थाना प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि युवक की लाश को बरामद किया गया था जिसमें फॉरेसिंक जांच भी करायी गई थी साथ ही पीएम रिपोर्ट में आत्महत्या होने की पुष्टि हुई है।

### स्ट्रीट लाईट बंद होने से आवाजाही में परेशानी

**चैतमा।** नेशनल हाईवे सड़क निर्माण के बाद नालों के ऊपर एवं ओवर ब्रिज के ऊपर स्ट्रीट लाइट लगवाया गया था जो कि बीते कुछ दिनों से स्ट्रीट लाईट बंद पड़ी है। जिसकी वजह से रात में आवागमन करने में काफी परेशानी हो रही है। ओवर ब्रिज के नीचे में मवेशी भी बैठे रहते हैं अंधेरा होने के कारण आवागमन करने वालों को परेशानी उठानी पड़ती है। वही दुर्घटना का भय भी बना रहता है। ग्रामीणों ने कंपनी एवं प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए स्ट्रीट लाइट को जल्द से जल्द दुरुस्त करने की मांग की गई है।

### मवेशियों का हो रहा जमावाड़ा, लोग परेशान



**चैतमा।** लावारिस मवेशियों से किसानों के साथ साथ व्यापारी भी परेशान है। जानकारी के अनुसार चैतम में बढ़ती हुई लावारिस मवेशियों की संख्या से किसान और व्यवसायी दोनों परेशान हैं। किसान द्वारा बोए गए धान को इनसे बचाने के लिए परेशान है, तो व्यापारी इनके द्वारा संस्थान बंद करने के बाद जाकर बैठने, गोबर करने से परेशान है। किसानों ने पूर्व में संचालित गौठान को गोधाम के रूप में संचालित करने एवं वहां रखने की मांग की गई है।

---

कम्प्यूटर और एंड्राइड मोबाइल का जानकार होना जरुरी

# शिक्षा विभाग में संकुल समन्वयकों के पचास पदों पर होगी नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में शिक्षा विभाग के संकुल समन्वयकों के पचास पदों पर जल्द ही नियुक्ति की जाएगी। विभाग ने इसके लिए नोडल स्कुल के प्रचार्यों से जानकारी मांगी है एवं प्रस्ताव भेजनें को कहा है। बीते लम्बे समय से रिक्त पड़े संकुल शैक्षणिक समन्यकों के पद पर विभाग नियुक्ति करने जा रहा है।

जिले के सभी पांच ब्लाक अंतर्गत लगभग पचास पद रिक्त पढ़े हैं जिनके संकुल समन्वयक या तो रिटायर्ड हो गए है या फिर ट्रांसफर, जिसके वजह से पद प्रभारियों के भरोसे आ गए थे जिन पर स्थाई नियुक्ति क्री प्रक्रिया लंबित पड़ी थी। डीपीआई के निर्देशों के अनुसार अब कम्प्यूटर और मोबाईल के जानकर व्यक्ति को ही इस पद पर नियुक्त किया जा सकेगा। पूर्व में संकुल शैक्षणिक समन्वय के रिक्त पदों पर समीप के ही सकूल के शिक्षकों को नियुक्ति दी गई थी लेकिन उनके द्वारा ऑनलाइन कार्यों में रुचि नहीं लेने के कारण कार्य प्रभावित हो रहे थे। इसे देखते हुए समग्र शिक्षा विभाग के द्वारा सभी हाई स्कूल के नोडल प्राचार्यों के ऐसे दो शिक्षकों के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए है जो कम्प्यूटर और मोबाइल के जानकार होने के साथ संकुल समन्वय के जिम्मे आने वाले ऑनलाइन कार्यों को संपादित कर सके। विभाग के द्वारा मांगे गए प्रस्ताव में यह भी उल्लेखित है कि दो शिक्षक वाली स्कूल और एकल शिक्षकीय स्कूल के किसी भी शिक्षक का नाम संकुल समन्वयकों के लिए अनुमोदित नहीं किया जाएगा।




#### कोरबा ब्लॉक में इन संकुल में होगी नियुक्ति

कोरबा ब्लॉक अंतर्गत भैसमा, सोनपुरी, पीडब्ल्यूडी रामपुर, अजगरबहार, बालको 1 व 2, बेला, सतरेंगा, बड़गांव, साडा कोरबा, कोहड़िया, चचिया, गोढ़ी, बुंदेली, पताढ़, बरीडीह, तिलाईड़ाड, धनगांव, रजगामार, कुदरीचिंगर आदि शामिल हैं। जहां संकुल शैक्षणिक समन्वयकों की नियक्ति की जाएगी। इस संबंध में 22 जुलाई को सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा पत्र जारी कर दो दिनों में जानकारी भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

#### बीईओ से मांगे गए हैं प्रस्ताव

संकुल समन्वयकों के लगभग 50 पद रिक्त हैं जिनमें नियुक्ति के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से उनके संकुल अंतर्गत रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए प्रस्ताव मांगे गए हैं नियुक्त होने वाले शिक्षकों को कम्प्यूटर और मोबाइल का जानकारी होना आवश्यक है।

**- टीपी उपाध्याय,** डीईओ

---

## तीन अलग अलग घरों में निकला सांप, रेस्क्यू कर छोड़ा गया जंगल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में बारिश के साथ ही जहरीले सांपों का निकलना बदस्तूर जारी है। बीती रात को शहर के अलग अलग क्षेत्रों के तीन घरों में सांप निकल गया था। मकान मालिकों के सूचना पर रेस्क्यू टीम ने तीनों सांपों का रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया। सतरंगा रोड से लगे ग्राम जामबहार में रात्रि के 10.30 बजे एक ग्रामीण के घर लगभग 6 फीट लंबा अहिराज सांप ईंट में घुसकर बैठ गया था, जिसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग की रेस्क्यू टीम एवं नोवा नेचर के जितेंद्र सारथी की रेस्क्यू टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही जितेंद्र सारथी अपने टीम के साथ मौके स्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू कर थैले में भरकर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। इसी तरह बरमपुर क्षेत्र में एक मकान की छत पर करीब 5 फीट लंबा जहरीला नाग दिखाई देने से इलाके में हड़कंप मच गया था। सांप को देखकर परिवार के लोगों ने स्नेक रेस्क्यू टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही सदस्य मानस और उमेश यादव मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया। इसी तरह एमी नगर में दिलबाग सिंह घर के पोर्च में फ्रिज के नीचे एक जहरीला सांप घुस गया था। जिसके बाद दिलबाग ने इसकी सूचना स्नेक रेस्क्यु टीम को सूचना दी। जिसके बाद टीम ने सांप का रेस्क्यु सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।



सांप का रेस्क्यू करते सर्पमित्र।

---

## नगर पालिका परिषद कटघोरा का सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद कटघोरा द्वारा सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध को प्रभावी बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर पालिका के सिंगल यूज़ प्लास्टिक नोडल अधिकारी एवं स्वच्छता टीम ने शहर के विभिन्न बाजारों में पहुंचकर व्यापारियों और आम नागरिकों को प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री का उपयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया। अभियान के दौरान व्यापारियों को पॉलीथिन कैरी बैग का उपयोग बंद कर कपड़े एवं अन्य पर्यावरण-अनुकूल थैलों का प्रयोग करने की समझाइश दी गई। टीम ने लोगों को बताया कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है। नागरिकों से अपील की गई कि वे प्लास्टिक के उपयोग से बचकर प्रकृति के संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें तथा शहर को प्लास्टिक कचरे से मुक्त बनाने में सहयोग दें। निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग करने वालों को समझाइश देने के साथ-साथ सामान्य चालान की कार्रवाई भी की गई।

#### खास बातें

- व्यापारियों को दी समझाइश
- कपड़े के थैले अपनाने की अपील दोहराने पर होगी सख्त



जांच करती टीम।

---

## उबड़ खाबड़ रास्तों से होकर मरीजों को पहुंचना पड़ता है अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के पॉश इलाके कोसाबाड़ी चौक के समीप स्थित जिले के दो बड़े निजी अस्पताल तक पहुंचने वाली एप्रोच सड़क वर्षों से बदहाल स्थिति में है। करोड़ों रुपये के इन अस्पतालों तक जाने वाला यह मार्ग किसी ग्रामीण कच्ची सड़क से भी बदतर है। गड्ढों और उबड़-खाबड़ रास्ते के कारण मरीजों, परिजनों और आम नागरिकों को हर दिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी मार्ग से फिजिक्सवाला, कॉलोनी सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का आवागमन भी होता है लेकिन वर्षों बाद भी सड़क निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई। सड़क पर केवल मलबा डालकर अस्थायी मरम्मत की जाती रही, जिससे हालात और खराब हो गए। सबसे अधिक परेशानी अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को उठानी पड़ रही है। गंभीर मरीजों को एंबुलेंस में ले जाते समय हर गड्ढे पर झटके लगते हैं। डिलीवरी के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं के परिजनों में यह डर बना रहता है कि कहीं रास्ते में ही प्रसव की नौबत न आ जाए। वहीं बुजुर्ग, अस्थि रोगी और दुर्घटना में घायल मरीजों के लिए यह रास्ता किसी परीक्षा से कम नहीं है। हैरानी की बात यह है कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में आने वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग की बदहाली से प्रशासन, नगर निगम, जनप्रतिनिधि और संबंधित विभाग पूरी तरह वाकिफ हैं।

#### खास बात

- बारिश के दौरान सड़क हो जाती है तालाब में तब्दील



तालाब में तब्दील सड़क।

---

## जिले में मनाया गया भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बीएमएस के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीएमएस के द्वारा इरेक्टर हॉस्टल एचटीपीएस आवासीय परिसर कोरबा पश्चिम में भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा के द्वारा किया गया, मुख्य अथिति के रूप में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री व विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय पर्यावरण मंच प्रभारी लक्ष्मण चंद्रा एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती पूर्णिमा साहू मंचस्थ रहे, वहीं कोरबा जिला के सभी संगठन कोल बिलासपुर, बालकों, एनटीपीसी, बिजली उत्पादन कोरबा पश्चिम, कोरबा पूर्व, आंगनबाड़ी, बिजली वितरण इकाई, ठेका/संविदा मजदूर संघ, कोरबा पावर लि. (अडानी), सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी संघ कोरबा आदि संगठनों के पदाधिकारी, सदस्य एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

सर्वप्रथम भारतीय मजदूर संघ कोरबा के जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा के द्वारा बीएमएस का ध्वज फहराकर तथा मंचासीन सभी अतिथियों द्वारा भारत माता, भगवान विश्वकर्मा, श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी की प्रतिमा पर पूजा अर्चना एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया, तदुपरान्त संघ के परंपरा अनुसार सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया, इसी कड़ी में सभी संगठनों के पदाधिकारी व जिले के वरिष्ठ सदस्यों का स्वागत, अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने सभी को संबोधित करते हुए भारतीय मजदूर संघ के इतिहास, संघर्ष, सफलता और गौरव गाथा पर प्रकाश डालते हुए संगठन की मूल भावना राष्ट्रहित सर्वोपरि, त्याग, तपस्या और बलिदान से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर मातृ संघ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुरेश गुप्ता, पूर्व प्रदेश पदाधिकारी सतीश राठौर, सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय मंत्री सी एस दुबे, एनटीपीसी मजदूर महासंघ के अध्यक्ष सुरेंद्र राठौर, एसईसीएल के महामंत्री रमेश गुरुद्वान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला प्रभारी श्रीमती पूर्णिमा साहू, अखिल भारतीय पर्यावरण मंच प्रभारी लक्ष्मण चंद्रा तथा अखिल भारतीय मंत्री व विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल ने अपना विचार व्यक्त करते संबोधित किया।

---

## कोहड़िया वार्ड मुख्य मार्ग में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत निगम के कोहड़यिा वार्ड अंतर्गत मुख्य मार्ग पर सघन वृक्षारोपण किया गया। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, वार्ड पार्षद नरेन्द्र देवांगन के साथ ही पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों व आमनागरिकों ने मुख्य मार्ग पर पौधों का रोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण व हरित कोरबा के संकल्प को पूरा करने के लिये अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में जिला प्रशासन व निगम के द्वारा पर्यावरण संक्षरण एवं हरित कोरबा के संकल्प को साकार के करने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत सघन वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। इसकी शुरूआत 18 जुलाई को घंटाघर ओपन थियेटर मैदान में रन फार ग्रीन का वृहद आयोजन कर की गई थी। अभियान के अंतर्गत सघन वृक्षारोपण का कार्य 18 जुलाई से लगातार आगामी 60 दिनों तक किया जायेगा। अभियान के सातवें दिन निगम के वार्ड क्र. 18 अंतर्गत बरपारा कोहड़िया से नमो पार्क तक के मुख्य मार्ग में सघन वृक्षारोपण किया गया, इस मौके पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, वार्ड पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पार्षद रामकुमार साहू व लक्ष्मण श्रीवास, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त नीरज कौशिक, अधीक्षण अभियंता भूषण उरांव, जोन कमिश्नर सुनील टांडे, उद्यान अधीक्षक आनंद सिंह राठौर, सोमनाथ डेहरे, देवेन्द्र स्वर्णकार, दिलेश्वर सिंह, कृष्णा द्विवेदी, रवि पोर्ते, अजय मानिकपुरी, अशोक द्विवेदी, रथराम राठौर, आदि के साथ अन्य लोगों ने पौधों का रोपण किया, अभियान में अपनी सहभागिता दी तथा पर्यावरण के सतत संरक्षण एवं कोरबा को हरीतिमायुक्त कोरबा बनाने के संकल्प को दोहराया।



TOP IN JANJGIR
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

छत्तीसगढ़ शासन में VTP पंजीयन क्रमांक 223793647P003
प्रवेश प्रारंभ
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
विगत 10 वर्षों से संचालित जॉजगीर चांपा जिले का एकमात्र संस्था
(NSDC/SDMS C.N. 69240)
नि-शुल्क पाठ्यक्रम (Free Courses): जनरल ड्यूटी असिस्टेंट होम हेल्थ एड
100% नौकरी में सहयोगी पाठ्यक्रम / योग्यता 10वीं एवं 12वीं / हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
अस्पतालों या पैथोलैब मे कार्यरत विद्यार्थियों के लिए पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध
कोर्सेस
- DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
- OT - टेक्नीशियन
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियनअसिस्टेंट
- X-RAY टेक्नीशियन
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
पता: रजनीश बुक डिपो के सामने, तिवारी कॉम्प्लेक्स, केरा रोड जॉजगीर मो. 8770638375, 9399743304

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक करने पीएमश्री आत्मानंद स्कूल में हुआ पौधरोपण




**सक्ती।** एनसीसी कैडेट्स को पर्यावरण की प्रेरणा देने पीएम श्री सेजस इंग्लिश मीडियम आत्मानंद स्कूल सक्ती में पौधरोपण का आयोजन किया गया। इस दौरान पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। पीएम श्री सेजस इंग्लिश मीडियम आत्मानंद स्कूल सक्ती में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत शाला विकास समिति के अध्यक्ष संजय रामचंद्र के मुख्य आतिथ्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिलीप पटेल की अध्यक्षता में एनसीसी कैडेट्स को पर्यावरण की प्रेरणा देने तथा उनकी जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पौधरोपण किया गया। श्री रामचंद्र ने एनसीसी कैडेट्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एनसीसी कैडेट्स ही कल के भारत की सुरक्षा का भविष्य है। एनसीसी में रहने वाला छात्र राष्ट्र व अपने कार्य के प्रति सजग रहते हुए एक उदाहरण बनते है। पौधरोपण जैसे कार्य करने से पर्यावरण की प्रेरणा के साथ-साथ विद्यालय परिसर को हरा भरा वह स्वच्छ रखने की प्रेरणा भी हमें मिलती है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिलीप पटेल ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। समिति के सदस्य कमलेश ठाकुर, प्राचार्य प्रभारी प्राचार्य राकेश अग्रवाल सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ व एनसीसी कैडेट्स के साथ शाला परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर आज

**राहौद।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर स्वर्गीय डॉ. भागवत देवांगन की स्मृति में जीपीडी अंजोर फाउंडेशन द्वारा 8वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह रक्तदान शिविर रविवार 26 जुलाई को नया बस स्टैंड राहौद में आयोजित किया जाएगा। जीपीडी अंजोर फाउंडेशन के अध्यक्ष गयाराम चंदेल एवं संयोजक प्रहलाद देवांगन ने आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने एवं इस जनसेवा के पुनीत अभियान को सफल बनाने अपील की है।

### डीएलएड प्रथम वर्ष परीक्षा में पं. हरिशंकर शिक्षा महाविद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**जांजगीर-चांपा।** पं. हरिशंकर शिक्षा महाविद्यालय, सरखों (जांजगीर) ने डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा-2026 के परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। महाविद्यालय की छात्रा आरती राठौर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। वहीं रोशनी पटेल ने द्वितीय तथा भावना कंवर एवं रजनी सिदार ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल कर सफलता का परचम लहराया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद महाविद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा। सफल छात्राओं का शिक्षकों एवं सहपाठियों ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## निधन

### श्रीमती भगवती तिवारी



जांजगीर। नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत ग्राम तुलसी के प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवानिवृत्त प्रधान पाठक स्वर्गीय श्याम लाल तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती भगवती तिवारी का शनिवार 25 जुलाई की शाम निधन हो गया। 92 वर्षीय श्रीमती तिवारी पेपर मिल चाम्पा के सेवानिवृत अधिकारी सुरेश तिवारी,नरेश तिवारी (बालको ) एवं श्रीमती पूर्णिमा तिवारी की माता थीं। वे नाती पोतो से भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार रविवार 26 जुलाई को जांजगीर मुक्ति धाम में होगा।

आदर्श ग्राम गोधना में महिला कमांडो टीम का गठन, नशे के खिलाफ संभालेंगी मोर्चा, वितरित की गई टोपी और सीटी

# अपराधों पर नियंत्रण के लिए आम नागरिकों एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

पुलिस द्वारा जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और सामाजिक सुरक्षा में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गोधना में शनिवार 25 जुलाई को "सजग नागरिक, सख्त प्रहरी" अभियान के तहत 56 सदस्यीय महिला कमांडो टीम का गठन किया गया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और जनजागरूकता से जोड़ते हुए गांवों में सुरक्षित एवं अपराधमुक्त वातावरण तैयार करना है।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय स्वयं ग्राम गोधना पहुंचे और ग्रामीणों के साथ संवाद कर कानून व्यवस्था बनाए रखने में जनसहभागिता की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाज में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण केवल पुलिस के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब समाज और पुलिस मिलकर कार्य करेंगे, तभी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा। इस दौरान नवगठित महिला कमांडो टीम की सदस्य महिलाओं को टोपी और सीटी वितरित की गई। साथ ही उन्हें सामाजिक सुरक्षा से जुड़े दायित्वों के बारे में जानकारी देते हुए गांव में होने वाली किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं से अपील की कि यदि क्षेत्र में जुआ, सट्टा, अवैध शराब की बिक्री, नशे का कारोबार अथवा अन्य किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि की जानकारी मिले तो बिना किसी संकोच के तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम के दौरान पुलिस और ग्रामीणों ने गांव में जागरूकता रैली भी निकाली।




नशे के खिलाफ ग्रामीणों को जागरुक करने महिला कमांडो टीम को टोपी एवं सिटी वितरित करते पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय।

रैली के माध्यम से लोगों को कानून का पालन करने, सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एकजुट होने और पुलिस के साथ सहयोग करने का संदेश दिया गया। ग्रामीणों से अपराध और नशे के खिलाफ अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई। महिला कमांडो टीम की सदस्याओं ने भी गांव को अपराधमुक्त, नशामुक्त और सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का भरोसा दिलाया। पुलिस के अनुसार "सजग नागरिक, सख्त प्रहरी" अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था में भागीदार बनाना, जुआ, सट्टा, अवैध शराब और अन्य अपराधों पर जनसहयोग से प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, पुलिस और आम नागरिकों के बीच विश्वास एवं समन्वय को मजबूत करना तथा गांवों में जागरूक और सुरक्षित सामाजिक वातावरण तैयार करना है। इसके साथ ही महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका में आगे बढ़ाकर सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए प्रेरित करना भी इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य है। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों तथा नवागढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।



## संभागायुक्त ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों को आगे बढ़ने किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ विकासखंड के ग्राम कुटराबोड़ स्थित डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परिसर में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बिलासपुर संभागायुक्त सुनील जैन, कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आम का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही जिलेवासियों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने एवं लगाए गए पौधों के संरक्षण का आह्वान किया।

■ डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भी पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजना मानेस जांगड़े, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रूपचंद साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रीति अजय दिव्य, कुटराबोड़ सरपंच पुष्कर दिनकर, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार पोयाम, एसडीएम पामगढ़ आर.के. तंबोली, जनपद पंचायत पामगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम.एस. कौशिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे। संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात संभागायुक्त श्री जैन ने कुटराबोड़ स्थित अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर वहां संचालित व्यवस्थाओं एवं आमजन को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सेवाओं का जायजा लिया।

## छात्र संगठन पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण व मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**अकलतरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलतरा में शनिवार को छात्र संगठनों शिशु भारती, बाल भारती, तरुण भारती एवं कन्या भारती के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बिहारी लाल ताम्रकार ने की।

इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष लव कुमार सिंह चंदेल, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, सह सचिव अयन जैन, सदस्य दशरथ नामदेव सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।समारोह में विभिन्न छात्र संगठनों के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। तरुण भारती के अध्यक्ष प्रकाश कश्यप, उपाध्यक्ष आदित्य शर्मा, सचिव हर्ष तांद्रे, सह सचिव प्रतीक नामदेव सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इसी प्रकार कन्या भारती की अध्यक्ष ऋचा मानिकपुरी, उपाध्यक्ष मुस्कान राठौर, सचिव पलक नायक, सह सचिव दीप्ति सिंह तथा अन्य



विभागों के पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया। बाल भारती में अध्यक्ष पद पर रविन्द्र साहू एवं ग्रेसी मिर्चन्य, उपाध्यक्ष ईश्वर सहिस एवं चाहत कुम्भकार, सचिव भावेश श्रीवास एवं अर्पिता कश्यप, सह सचिव शिवेश साहू एवं हर्षिका सहित विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं को जिम्मेदारियां प्रदान की गईं। वहीं शिशु भारती की अध्यक्ष सृष्टि, उपाध्यक्ष प्रिंस कुमार भार्गव, सचिव उन्नति साहू, सह सचिव प्रिंस साहू सहित अन्य विभागों के छात्र-छात्राओं को भी पदभार ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर गत शैक्षणिक सत्र की वार्षिक परीक्षा में अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## संत रविदास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में समरसता संकल्प अभियान एवं हर

■ समरसता संकल्प अभियान एवं हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

घर तिरंगा–तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गबेल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला जिला प्रभारी मनोज शर्मा, प्रदेश मंत्री श्रीमती विद्या सिदार, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा राठौर, भुवन भास्कर यादव, भूषण चंद्रा, रंजीत अजगल्ले एवं जिला महामंत्री श्रीमती मोहन कुमारी साहू के आतिथ्य में संपन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गबेल ने कहा कि 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा से




कार्यशाला को संबोधित करते अतिथि।

20 फरवरी तक पूरे जिले में समरसता संकल्प अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के माध्यम से संत शिरोमणि गुरु रविदास के जीवन, समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत 31 जनवरी तक प्रत्येक मंडल एवं बूथ स्तर पर संत समाज के संतों एवं प्रमुखजनों को अभियान की पुस्तिका भेंट की जाएगी तथा समानता, समरसता और सामाजिक सद्भाव के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाया जाएगा। जिलाध्यक्ष श्री गबेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 11 से 15 अगस्त तक आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रत्येक बूथ पर तिरंगा वितरण, तिरंगा यात्रा तथा विभिन्न जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान में पार्टी के सभी मोर्चों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी तथा प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करेगा। कार्यशाला में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रमों के फोटो, वीडियो, रील्स एवं गतिविधियों की जानकारी नियमित रूप से सोशल मीडिया पर साझा करने तथा जिला एवं प्रदेश कार्यालय को उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर दीपक अग्रवाल, प्रमोद गबेल, रूपा सिंहदेव, सुशीला सिन्हा, परदेशी खूंटे, धनंजय नामदेव, आलोक पटेल, भूषण चंद्रा, अन्नपूर्णा राठौर, अरुण शर्मा, आशीष तिवारी, जगदीश चंद्रा, पुरुषोत्तम सूर्यवंशी, मनहरण चंद्रा, जीवेंद्र गबेल, श्याम चंद्रा, लालू गबेल, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समरसता, सामाजिक सद्भाव, राष्ट्रभक्ति एवं जनसेवा के संकल्प के साथ अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## संकुल केन्द्र सेमरिया में शैक्षणिक गणितीय आधारित कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

संकुल केन्द्र सेमरिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सभा भवन में छह संकुल स्तरीय मासिक एवं शैक्षणिक गणितीय आधारित कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम बीईओ बंसतकुमार चतुर्वेदी, खण्ड समन्वयक एच के बेहार, संकुल प्राचार्य शिव पटेल, रमेश मेहरा, उल्लास साक्षरता परियोजना अधिकारी उमेश दुबे की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

बीईओ बंसतकुमार चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षा वह सपना है जो सपना को साकार मे बदल देती है। शिक्षा को बेहतर और प्रभावशाली बनाने के लिए गणितीय आधारित खेल-खेल के माध्यम से बच्चों को बेहतर बनाया जा सकता है। इसके लिए शिक्षक अपने एक दिवसीय कार्यशाला का अनुभव करके अपने बच्चों के साथ साझा करने से बच्चे और बेहतर परफार्मेंस कर सकते हैं। वहीं सभी शिक्षक शिक्षिका को शासन के मंशानुरूप प्राथमिक मिडिल स्कूल के बच्चों को दीप वंदना और पहाड़ा के अलावा बारह खड़ी गिनती के साथ ही साथ पढ़ने की दक्षता होने पर फोकस किया। बीईओ श्री चतुर्वेदी ने शिक्षकों से मोबाईल से सीजी व्हीएस के माध्यम से अटेंडेंस लगाने की बात कही। कार्यक्रम को खण्ड समन्वयक एच के बेहार ने भी संबोधित किया। अजीज प्रेम फाउंडेशन के रित्वीक अनंत ने बेहतर परफार्मेंस करके खेल खेल के माध्यम से बेहतरीन प्रदर्शन किया जहां शिक्षक अपने




कार्यशाला में मंचस्थ अतिथि।

कार्यशाला का अनुभव सीख कर अपने अनुभव को कक्षा में बेहतर कर सके। कार्यक्रम में नवपदस्थ बीईओ बंसतकुमार चतुर्वेदी व खण्ड समन्वयक एच के बेहार का संकुल शैक्षिक समन्वयक ने श्रीफल शाल गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। हायर सेकेण्डरी स्कूल सेमरिया के शिक्षक भरत कश्यप, दिलेश्वर ड़ड़सेना ने स्वागत किया गया। कार्यक्रम कासंचालन शैक्षिक समन्वयक विश्वनाथ कश्यप तथा अंत में आभार प्रदर्शन प्राचार्य रमेश मेहरा ने किया। इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया के प्रांगण में बीईओ, खण्ड समन्वयक एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एक पेड़ मां के नाम काजू, आंवला, अमरूद के पौधे लगाए।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों को दी उच्च शिक्षा की जानकारी

**खरौद।** शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद में गुणात्मक शिक्षा, संसाधन एवं सतत सुधार से लोगों को रूबरू कराने एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य विद्यालय संपर्क अभियान प्रारंभ किया गया।

अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं अधिकारियों की टीम ने विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं, पाठ्यक्रमों, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों तथा कैरियर निर्माण के अवसरों की जानकारी प्रदान की। प्रथम चरण के संपर्क अभियान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरौद और सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरौद का भ्रमण कर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को जानकारी दी गई और कॉलेज में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जी.सी.भारद्वाज ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि अभी आप 8 घंटे अध्ययन नहीं कर सकते तो आने वाले समय में किसी दूसरे के घर 10 घंटे काम करने के लिए तैयार रहे। इस दौरान प्रो. संजीव सिंह ने भी अपना मार्गदर्शन छात्र-छात्राओं को प्रदान किया। इस



अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि महाविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास, अनुसंधान, नवाचार एवं सामाजिक चेतना का भी महत्वपूर्ण मंच है। टीम ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा उच्च शिक्षा के महत्व पर भी मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर प्रो.अनिल कुमार नेताम, प्रोफेसर संजीव सिंह, प्रोफेसर ओंकार कुमार महिपाल, पुनाराम नवरत्न और प्रयोगशाला तकनीशियन बसंत यादव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरौद के प्राचार्य रामकृष्ण गोस्वामी, व्याख्याता हीरालाल घृतलहरे, जय कुमार डडसेना, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रामकुमार साहू, भारत राम श्रीवास और सदा राम यादव सहित छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम अध्यक्ष के जन्मदिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मरीजों को बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा पहुंचकर भर्ती मरीजों को फल वितरित किए तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मरीजों का हालचाल जाना और सेवा कार्य को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुन देव सिंह अघरिया ने कहा कि सौरभ सिंह सदैव जनसेवा और सामाजिक सरोकारों के कार्यों को प्राथमिकता देते हैं। उनके जन्मदिवस पर मरीजों के बीच फल वितरण कर सेवा का संदेश देना हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना ही भाजपा की कार्यशैली है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शेर खान ने कहा कि जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाने की परंपरा भाजपा की




मरीजों को फल वितरण करने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी।

पहचान है। जरूरतमंदों की सहायता और मरीजों का मनोबल बढ़ाना सबसे बड़ा मानवीय कार्य है। पार्षद मुरलीधर मिश्रा ने कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। भाजपा कार्यकर्ता हमेशा सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए जनहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहेंगे। कार्यक्रम में नंद चौधरी, सुमित सिंह चंदेल, राजेश्वर पाटले, नानक रोहरा, श्रीमती शांति भारते, श्रीमती सुनीता सिंह, देव सिंह अघरिया, मोनू नामदेव, चंदन शर्मा, आयुष शर्मा, सुरेश मिरचन्य, शिव गौंधारिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मारवाडी युवा मंच जागृति शाखा का निःशुल्क नेत्र शिविर 4 को

**बाराद्वार।** मारवाडी युवा मंच जागृति शाखा बाराद्वार के तत्वाधान में 4 अगस्त को अग्रसेन भवन में निःशुल्क नेत्र रोग मोतियाबिंद जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। शिविर सुबह 9.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में एमजीएम अस्पताल रायपुर से विशेषज्ञ डॉक्टरो की टीम अत्याधुनिक मशीनों से आंख की जांच कर चश्मा दिया जायेगा। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजो का निःशुल्क मोतियाबिंद का आपरेशन रायपुर में कराया जायेगा। शिविर में जांच कराने हेतू अग्रिम पंजीयन शाखा की अध्यक्ष प्राची जिंदल, उपाध्यक्ष ममता अग्रवाल, सचिव नेहा सांवडिया, कोषाध्यक्ष दिव्या केडिया, सहसचिव राखी बंसल से संपर्क किया जा सकता है।




